Regarding widening of National Highway

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल **(बांदा) :** महोदया, मैं यहां बुंदेलखंड, बांदा, चित्रकूट क्षेत्र से चुनकर आई हूं । अभी हाल में ही प्रयागराज में महाकुंभ का समापन हुआ है । मेरे संसदीय क्षेत्र के आस-पास देश के महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन स्थल स्थित हैं । कुंभ के दौरान बांदा से प्रयागराज जाने हेतु बांदा-बबेरू-राजापुर मार्ग का इस्तेमाल हुआ है ।

महोदया, यह मार्ग तीन से चार दिनों की सीमाओं को आपस में जोड़ता है । वर्तमान में इस मार्ग में यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है । इस मार्ग का चौड़ीकरण करते हुए फोरलेन सड़क निर्माण अत्यधिक आवश्यक है ।

महोदया, आपके माध्यम से सड़क एवं परिवहन मंत्रालय से मेरी मांग है कि बांदा से बबेरू राजापुर होते हुए प्रयागराज तक जाने वाले इस मार्ग को फोरलेन सड़क के रूप में विकसित किया जाए, ताकि सुरक्षित यातायात को बल मिल सके । धन्यवाद ।